राजस्थान सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी
## पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प – लोयल

पीठासीन अधिकारी – जय सिंह, आर.ए.एस..

प्रा0पत्र संख्या– 241/2017

1. सुमित्रा देवी पत्नी मातादीन उम्र 70 वर्ष जाति महाजन
2. भारामल पुत्र चन्दगीराम उम्र 38 वर्ष जाति जाट
3. संजू देवी पत्नी सुरेश कुमार उम्र 30 वर्ष जाति खाती
4. बिरजू सिंह पुत्र मूलाराम उम्र 45 वर्ष जाति जाट
   समस्त निवासीगण लोयल तहसील खेतड़ी जिला झुन्झुनूं राज0

.........प्रार्थीगण

**ब–ना–म**

1. हरिराम पुत्र मंगलाराम जाति खाती
2. गुरूदयाल } पुत्रान छीनाराम
3. जगदीश } पुत्रान छीनाराम
4. राजेन्द्र सिंह } पुत्रान छीनाराम
5. चावली पत्नी छीनाराम जाति जाट
6. विमला पुत्री सुण्डाराम जाति जाट
7. रघुवीर पुत्र सुण्डाराम जाति जाट निवासी लोयल तहसील खेतड़ी जिला झुन्झुनूं राज0
8. विरेन्द्र पुत्र रामचन्द्र
9. विजय पुत्र रामचन्द्र
10. रामस्वरूप पुत्र बूजा
11. मोहर सिंह } पुत्रान ख्याली
12. सियाराम } पुत्रान ख्याली
13. रामसिंह } पुत्रान ख्याली
14. सोनड़ी पत्नी माला
15. दरिया सिंह पुत्र माला
16. मघाराम } पुत्रान लादूराम
17. चन्दगीराम } पुत्रान लादूराम
18. रामकुवार } पुत्रान लादूराम
19. सुरेन्द्र } पुत्रान विधाधर
20. अनिल } पुत्रान विधाधर
21. अनिता पुत्री विधाधर
22. बरजी पत्नी विधाधर
23. जगदीश प्रसाद } पुत्रान फूलाराम
24. राजेन्द्र प्रसाद } पुत्रान फूलाराम
25. जयसिंह } पुत्रान फूलाराम
26. विजेन्द्र सिंह } पुत्रान फूलाराम
27. मनोज } पुत्रान फूलाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Jai Singh
Date: 2022.06.27 16:26:40 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी

Scanned with CamScanner

28. सन्तरा पुत्री फुलाराम
29. रामचन्द्र पुत्र जोराराम
30. बलबीर सिंह पुत्र बजरंग सिंह
31. माला पुत्र जीता
32. रामकुवार सिंह पुत्र बीरबल
    समस्त जाति जाट निवासीगण ग्राम लोयल तहसील खेतड़ी जिला झुन्झुनूं, राज0
33. दलीप पुत्र सहीराम
34. पतासी पत्नी सहीराम
35. धनपती
36. मुन्नी
37. विमला — पुत्रिया सहीराम
38. लाडो देवी
39. सुमन
40. नानुड़ी देवी पत्नी मालाराम
41. भगवाना पुत्र चन्द्रा
42. गुरूदयाल पुत्र श्योनारायण समस्त जाति जाट निवासीगण ग्राम लोयल तहसील खेतड़ी जिला झुन्झुनूं, राज0
43. ग्राम पंचायत लोयल तहसील खेतड़ी जरिए सरपंच ग्राम पंचायत लोयल
44. शेखावाटी ग्रामीण बैंक शाखा जसरापुर तहसील खेतड़ी जरिये शाखा प्रबंधक।
45. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार, खेतड़ी जिला झुन्झुनूं, राज0

...........अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र बाबत पत्थरगढ़ी करवाने**

**निर्णय** **दिनांक 12—10—2021**

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया गया है कि वाके ग्राम लोयल स्थित भूमि हाल खसरा नंबर 436 रकबा 0.05 है., ख.नं. 437 रकबा 0.84 है. कुल किता 2 कुल रकबा 0.89 है. के प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार है। प्रार्थीगण अपने—अपने हिस्से की भूमि पर काबिज काश्त है व बिना किसी बाधा के शांतिपूर्वक निर्बाध रूप से निरन्तर काबिज काश्त चले आ रहे हैं। प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि खसरा नंबर 436 रकबा 0.05 है., ख.नं. 437 रकबा 0.89 है. कुल किता 2 कुल रकबा 0.89 है. के उत्तर में 439 व 432 का कुछ भाग स्थित है जो अप्रार्थी सं. 8 लगायत 32 व अप्रार्थी सं. 43 की खातेदारी में दर्ज है, ख.नं. 439 आबादी भूमि में दर्ज है जो ग्राम पंचायत लोयल में स्थित है दक्षिण में ख.नं. 425 स्थित है जो आम रास्ता दर्ज है पूर्व दिशा में ख.नं. 435, 434 व 432 स्थित है जो अप्रार्थी सं. 1 लगायत 42 की खातेदारी में दर्ज है व पश्चिम दिशा में खसरा नंबर 439 स्थित है जो ग्राम पंचायत की आबादी भूमि में दर्ज है। प्रार्थीगण ने तहसीलदार, खेतड़ी से दिनांक 05.08.2017 को भूमि ख.नं. 436 रकबा 0.05 है., ख.नं. 437 रकबा 0.84 है. कुल किता 2 कुल रकबा 0.89 है. का सीमाज्ञान भी विधिवत् रूप से करवा लिया व उपस्थित प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण व अन्य लोगों के हस्ताक्षर करवाये एवं सीमा चिन्ह कायम किये। अप्रार्थीगण सीमाज्ञान के चिन्हों को उखाड़ने व नष्ट करने पर आमादा है। इसलिए पुनः सीमाज्ञान करवाकर पुख्ता पीलर पत्थरगढी करवाये। इसलिए यह प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक है।

अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि वाके ग्राम लोयल स्थित भूमि खसरा नंबर 436 रकबा 0.05 है., ख.नं. 437 रकबा 0.84 है. कुल किता 2 कुल रकबा 0.89

Signature Not Verified
Digitally signed by Jai Singh
Date: 2022.06.27 16:26:40 IST
Reason: Self Attested

उपखण्ड अधिकारी, ख...

Scanned with CamScanner

है. की चारो दिशाओं का सीमाज्ञान व रिपोर्ट दिनांक 05.08.2017 के अनुसार करवाया जाकर पुख्ता पिलर लगाकर पत्थरगढ़ी करवाये जाने के तहसीलदार, खेतड़ी को आदेश दिये जाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थीगण की तलबी जरिये नोटिस जारी की गई। अप्रार्थीगण बावजूद सम्यक् सूचना के अनुपस्थित रहने पर, इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

प्रार्थीगण की ओर से साक्ष्य अभिलेख में नकल नक्शा ट्रेस ग्राम लोयल, जमाबंदी संवत् 2072 से 2075 खाता सं. 131, खाता सं. 296, खाता सं. 1, खाता सं. 241 व खाता सं. 64 ग्राम लोयल, फर्द सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 05.08.2017 पेश किये गये।

पत्रावली आज राजस्व लोक अदालत अभियान कैम्प लोयल में पेश हुई। विद्वान अधिवक्ता की बहस व पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी अभिलेखों का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। ग्राम लोयल की जमाबंदी संवत् 2072–2075 खाता सं. 131 खसरा नंबर 436, 437 कुल किता 2 कुल रकबा 0.89 है. प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज रिकार्ड हैं। फर्द मौका सीमाज्ञान दिनांक 05.08.2017 के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण ने विवादित भूमि खसरा नंबर 436, 437 का सीमाज्ञान भी विधिवत् रूप से करवाया है तथा प्रार्थीगण पुनः ख.नं. 436, 437 का सीमाज्ञान एवं पत्थरगढ़ी करवाना चाहते हैं जो विधिसम्मत है।

**आदेश**

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर तहसीलदार, खेतड़ी को आदेश दिया जाता है कि वह उभय पक्षकारान की उपस्थिति में ग्राम लोयल स्थित भूमि खसरा नंबर 436, 437 कुल किता 2 कुल रकबा 0.89 है. भूमि की पुनः नपति कर रू. 400/– की फीस पर पत्थरगढ़ी करवायें तथा पालना रिपोर्ट यथाशीघ्र भिजवायें।

निर्णय आज लोक अदालत कैम्प लोयल में दिनांक 12–10–2021 को मजमे आम में सुनाया गया।

( जय सिंह )
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी

Signature Not Verified

Digitally signed by Jai Singh
Date: 2022.06.27 16:26:40 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner